# आमजन से मिले मुख्यमंत्री, बोले-मंदिरी नाले पर जल्द बनेगी सड़क, होगी सुविधा

## सीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, कहा- बांसघाट से बनेगी एलिवेटेड रोड

जागरण संवाददाता, पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मंदिरी नाले पर निर्माधीन दो लेन संपर्क पथ के विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंन मंदिरी के निवासियों से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि जल्द ही यह सड़क का रूप ले लेगा। इस पथ का निर्माण पूर्ण हो जाने से आवागमन में काफी सहूलियत होगी तथा जाम से निजात मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी। इस इलाके का और विकास होगा। मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन दो लेन संपर्क पथ नेहरु पथ से जेपी गंगा पथ तक जाएगा। दानापुर-बांकीपुर पथ के बांसघाट से जेपी गंगा पथ तक सड़क एलिवेटेड होगी। स्थानीय लोगों ने नारा लगाकर मंदिरी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रति अभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री के मंदिरी क्षेत्र में पहुंचने पर लोगों में भारी उत्साह दिखा।

मुख्यमंत्री ने कला महाविद्यालय के समीप पहुंचकर निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बांसघाट स्थित काली मंदिर एवं आयकर गोलंबर के समीप पहुंचकर मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन दो लेन संपर्क पथ का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन दो लेन संपर्क पथ की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस दो लेन के संपर्क पथ का निर्माण कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराएं। बिहार कला महाविद्यालय की चहारदिवारी को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, डीएम चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, एसएसपी आवकाश कुमार आदि मौजूद थे।



मंदिरी नाले पर निर्माणाधीन 2 लेन सम्पर्क पथ के विकास कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ● जागरण

### सीएम ने कहा-मानसून आने के पूर्व नाले की हो जाएगी ढलाई

पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड मानसून आने के पूर्व नाले की ढलाई कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने इस कार्य को मई माह के अंत तक किसी भी स्थिति में पूर्ण करने का निर्देश दिया है। ढलाई के बाद नाले के ऊपरी सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। योजना बनी है कि जल्द से जल्द मंदिरी दुर्गा मंदिर तक सड़क को यातायात लायक बना दिया जाए।

### 830 मीटर में राफ्ट तो 750 मीटर की हो चुकी है ढलाई

नेहरुपथ पर आयकर गोलंबर से दानापुर-बांकीपुर पथ के बांसघाट तक 1289 मीटर बाक्स ड्रेन सह दो लेन की संपर्क पथ का निर्माण होना है। इसमें सर्विस रोड के साथ नाला एवं यूटिलिटी डक्ट का प्रविधान किया गया है। साफ-सफाई के लिए दो रैंप एवं तीन डिसिल्टिंग चैंबर का निर्माण के अलावा जल निकासी की व्यवस्था एवं नियंत्रण के लिए चार स्यूइस गेट प्रस्तावित है। इस सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए स्ट्रीट लाइट के साथ लैंड स्केपिंग का कार्य भी किया जाना है। अब तक 830 मीटर राफ्ट तथा 750 मीटर नाले पर स्लैब हो चुका है। 1180 मीटर ही ढलाई करनी है। 100 मीटर पहले दो तरफ सड़क निकलेगा एलीवेटेड रोड के माध्यम से गंगा जेपी पथ से मिल जाएगा।